भोपाल | मंगलवार | 2 जून 2026 | वर्ष 70 | अंक 129 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत


2 19 राज्यों में बारिश-आंधी का अलर्ट


4 भारत ने खाड़ी देश में अवसरों के द्वार खोले



9 जीएसटी संग्रह 1.94 लाख करोड़


10 छह दशक तक संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज किया

# एमपी में लागू होगी यूसीसी

## देश का चौथा राज्य बन सकता है मध्यप्रदेश

- बोले-सीएम, आज समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ने की जरूरत
- बहनों के लिए अलग-अलग रीति-रिवाज और नियमों की जरुरत नहीं

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 1 जून. मप्र जल्द ही देश के उन चुनिंदा राज्यों में शुमार हो सकता है, जहां कि समान नागरिक संहित यानी यूसीसी लागू है. सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो साल के अंत तक मप्र में यूसीसी लागू हो सकता है. यूसीसी लागू करने वाला मप्र देश का चौथा राज्य बनेगा. प्रदेश में यूसीसी लागू करने को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी सोमवार को बड़ा संदेश दिया.**

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है. वर्तमान समय में विभिन्न धर्मों में विवाहित बहनों के लिए प्रचलित अलग-अलग रीति-रिवाज और नियमों की आवश्यकता नहीं है. मप्र को आज समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ने की आवश्यकता है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में मीडिया के एक वक्तव्य जारी किया, जिसमें उन्होंने राज्य सरकार की मंशा साफ करते हुए कहा कि वर्तमान में देश के तीन राज्यों उत्तराखंड, गुजरात और असम ने समान नागरिक संहिता को लागू किया है. मप्र सरकार ने भी यूसीसी को लागू करने का निर्णय लिया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में यूसीसी के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है. अलग-अलग क्षेत्र के विद्वानों को इस समिति में स्थान दिया गया है. यह समिति प्रदेश के विभिन्न जिलों में अलग-अलग धर्म-समुदाय के लोगों से सुझाव प्राप्त करेगी.



### सभी वर्गों के साथ संवाद और समन्वय करेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार सभी वर्गों के साथ संतुलन बनाते हुए समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है. राज्य की जन हितैषी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है. मप्र समान नागरिक आचार संहिता लागू करने के लिए सबसे अनुकूल प्रदेश है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता के लिए एक वेबसाइट भी लॉन्च की है, जिस पर आम नागरिक अपने सुझाव दे सकते हैं.

## एक नजर में



### जस्टिस विवेक रूसिया कार्यवाहक सीजेआई

**जबलपुर.** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश विवेक रूसिया को राज्य का नया कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने इस संबंध में आधिकारिक नियुक्ति आदेश जारी कर दिए हैं। यह बदलाव पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा की पदोन्नति के कारण हुआ है, जिन्हें अब देश की शीर्ष अदालत यानी उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। जबलपुर के कोतवाली क्षेत्र के मूल निवासी जस्टिस विवेक रूसिया इसके पूर्व हाई कोर्ट के स्थायी न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। अब वे मुख्य न्यायाधीश के रूप में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के दायित्वों का निर्वहन करेंगे.

### लुधियाना फैक्ट्री में गैस रिसाव, 3 की मौत

**लुधियाना.** लुधियाना में एक औद्योगिक इकाई में गैस रिसाव की दर्दनाक घटना में तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं. आरके रोड स्थित पाना-चाबी निर्माण करने वाली दीप टूल्स फैक्ट्री में सोमवार तड़के करीब दो बजे गैस पाइपलाइन से अचानक रिसाव शुरू हो गया. कुछ ही मिनटों में जहरीली गैस पूरे परिसर में फैल गई, जिससे वहां काम कर रहे मजदूरों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। दम घुटने के कारण कई कर्मचारी बेहोश होकर गिर पड़े। हादसे में मान सिंह, उनके बेटे अमित और श्रीराम की मौत हो गई.

### वाणिज्यिक एलपीजी सिलिंडर 42 रुपये महंगा

**नई दिल्ली.** देशभर में वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की कीमतों में सोमवार को एक बार फिर बढ़ोतरी की गयी. इससे होटल, रेस्तरां, कैटरिंग सेवाओं और एलपीजी पर निर्भर अन्य व्यवसायों की परिचालन लागत बढ़ने की आशंका है. दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये बढ़ाकर 3,113.50 रुपये कर दी गयी है. कोलकाता में सबसे अधिक 53.50 की बढ़ोतरी दर्ज की गयी, जबकि मुंबई और चेन्नई में कीमतें क्रमशः 43.50 रुपये और 46 रुपये बढ़ायी गयी हैं। तेल विपणन कंपनियों ने पांच किलोग्राम के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 11 की वृद्धि की है.

### हेलिकॉप्टर हादसे में भारतवंशी पायलट की मौत

**जॉर्जिया (अमेरिका).** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब विवाह के कुछ घंटों बाद भारतीय मूल के 25 वर्षीय पायलट डेव फिजी की हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई. उनकी नवविवाहिता पत्नी जेस्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं और करीब छह घंटे तक दुर्घटनाग्रस्त हेलिकॉप्टर के मलबे में फंसी रहीं. डेव और जेस्नी की शादी 29 मई को डॉसनविल स्थित 'द रिवेरे' वेडिंग वेन्यू में हुई थी, जिसमें 400 से अधिक मेहमान शामिल हुए थे.



आरसीबी ने लगातार आईपीएल ट्रॉफियाँ जीतीं!

# सुको में पांच नये न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली, 01 जून. सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में पांच नये न्यायाधीशों की नियुक्ति कर दी. इनके शपथ ग्रहण करने के बाद शीर्ष न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश समेत न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर 37 हो जाएगी।**

विधि एवं न्याय मंत्रालय के तहत न्याय विभाग की ओर से आज जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उच्चतम न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिटा सुब्रमणि मोहना और चार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है.इनमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति चंद्रशेखर, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा तथा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरुण पल्ली शामिल हैं. अधिसूचना में कहा गया है कि इन सभी की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी.

# सीबीटी परीक्षा से सुको का इनकार

## पेन-एंड-पेपर (ऑफलाइन) मोड को ही बरकरार रखने का फैसला किया

**नई दिल्ली, 01 जून. उच्चतम न्यायालय ने आगामी 21 जून को फिर से होने वाली नीट-यूजी परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) प्रारूप में आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को निर्देश देने से सोमवार को इनकार कर दिया और मौजूदा पेन-एंड-पेपर (ऑफलाइन) मोड को ही बरकरार रखने का फैसला किया.**

न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने इस संबंध में राहत देने से इनकार कर दिया और मामले की सुनवाई जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी. न्यायालय के इस फैसले से नीट-यूजी की दोबारा होने वाली परीक्षा के सीबीटी मोड में कराने की किसी भी संभावना पर फिलहाल विराम लग गया है. पीठ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद सुधाकर सिंह द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें नीट परीक्षा से जुड़े कई निर्देश देने की मांग की गई थी. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने स्पष्ट किया कि वह केवल एक ही मांग पर जोर दे रहे हैं— 21 जून को होने वाली परीक्षा सीबीटी मोड में आयोजित की जाए. वकील ने दलील दी, आज मैं किसी अन्य मांग पर जोर नहीं दे रहा हूँ. परीक्षा सीबीटी मोड में ही होनी चाहिए। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने हालांकि ध्यान दिलाया कि न्यायालय अतीत में भी इस तरह की समान याचिकाओं को खारिज कर चुकी है.




> उन्होंने टिप्पणी की कि इस तरह की राहत देने का कोई सवाल ही नहीं उठता, विशेषकर तब जब अधिकारी पहले ही पिछली परीक्षा रद्द होने और दोबारा परीक्षा आयोजित करने की साजो-सामान संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे हैं. जब याचिकाकर्ता के वकील ने एक बार फिर कहा कि वह केवल सीबीटी से जुड़ी मांग पर ही जोर दे रहे हैं.

# पीएम स्वनिधि से 6 साल में लाखों को मिला सहारा

**नई दिल्ली, 01 जून. प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना ने छह वर्ष पूरे कर लिए हैं और इस अवधि में यह योजना देशभर के लाखों रेहड़ी-पटरी कारोबारियों के लिए आर्थिक सशक्तीकरण का मजबूत माध्यम बनकर उभरी है।**

जून 2020 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में छोटे कारोबार करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को बिना गारंटी के आसान ऋण उपलब्ध कराना था, ताकि वे ऊंचे ब्याज वाले अनौपचारिक कर्ज से मुक्त होकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें. योजना की सफलता को देखते हुए केंद्र सरकार ने इसकी अवधि बढ़ाकर मार्च 2030 तक कर दी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार छह वर्षों में 75.5 लाख से अधिक लाभार्थियों को 1.12 करोड़ से ज्यादा ऋण वितरित किए गए हैं, जिनकी कुल राशि 17,800 करोड़ रुपये से अधिक है. इसके साथ ही 55 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को डिजिटल भुगतान प्रणाली से जोड़ा गया है, जिससे वित्तीय समावेशन और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिला है. योजना के तहत ब्याज सब्सिडी, डिजिटल कैशबैक और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने जैसी सुविधाओं ने लाभार्थियों की आय और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है.




| बिंदु | विवरण |
|---|---|
| योजना | प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि |
| शुरुआत | जून 2020 |
| उद्देश्य | रेहड़ी-पटरी वालों को बिना गारंटी ऋण |
| योजना के वर्ष | 6 वर्ष पूर्ण |
| अवधि बढ़ाई गई | मार्च 2030 तक |
| कुल लाभार्थी | 75 .5 लाख |
| वितरित ऋण | 1.12 करोड़ |
| कुल ऋण राशि | 17,800 करोड़ |
| डिजिटल लाभार्थी | 55 लाख |
| डिजिटल लेन-देन | 841 करोड़ |
| लेन-देन मूल्य | 8 .96 लाख करोड़ |
| ब्याज/कैशबैक लाभ | 800 करोड़ |
| ऋण की सीमा | 15,000, 25,000 और 50,000 |
| विशेष सुविधा | बिना गारंटी ऋण, ब्याज सब्सिडी |
| यूपीआई-रुपे कार्ड | 30,000 तक की सीमा |
| अतिरिक्त लाभ | डिजिटल साक्षरता, सामाजिक सुरक्षा |
| स्वतंत्र मूल्यांकन | 2023 और 2025 |
| प्रमुख उपलब्धि | 95 प्रतिशत को पहली बार संस्थागत ऋण |
| आय में वृद्धि | औसतन20 प्रतिशत वार्षिक |

# नागेंद्र नाथ त्रिपाठी बने भाजपा के राष्ट्रीय संगठक

**नई दिल्ली 01 जून. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सांगठनिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को पार्टी का राष्ट्रीय संगठक (वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क) नियुक्त किया है.**

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने सोमवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने श्री त्रिपाठी को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय संगठक (वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क) नियुक्त किया है. उन्होंने बताया कि उनका केंद्र दिल्ली होगा और यह नियुक्त तत्काल रूप से प्रभावी होगी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से आने वाले त्रिपाठी को लंबे समय तक पर्दे के पीछे रहकर संगठन को मजबूत करने का काम करने का अनुभव प्राप्त है. वह बिहार-झारखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं.



# बंगाल मंत्रिमंडल में 35 नए मंत्री शामिल

**कोलकाता, 1 जून. पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने कार्यकाल के एक महीने के भीतर मंत्रिमंडल का पहला बड़ा विस्तार करते हुए 35 नए मंत्रियों को शामिल किया है.सोमवार को लोक भवन में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आर. एन. रवि ने सभी नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई.**

इस विस्तार के बाद मुख्यमंत्री समेत राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्यों की कुल संख्या बढ़कर 41 हो गई है.नवगठित मंत्रिमंडल में 13 कैबिनेट मंत्री, 19 राज्य मंत्री और तीन स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री शामिल किए गए हैं.सरकार का कहना है कि इस विस्तार से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और विभिन्न क्षेत्रों का बेहतर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा. शपथ लेने वालों में तापस रॉय, दीपक बर्मन, जगन्नाथ चट्टोपाध्याय, शंकर घोष, अर्जुन सिंह, अशोक डिंडा, इंद्रनील खान, मालती रावा रॉय और राजेश महतो सहित कई प्रमुख विधायक शामिल हैं.वहीं कलिता माझी और गार्गी घोष दास जैसी महिला विधायकों को भी मंत्रिमंडल में स्थान मिला है. राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह विस्तार सरकार की संगठनात्मक और प्रशासनिक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.



| राज्य | पश्चिम बंगाल |
|---|---|
| शपथ दिलाई | राज्यपाल आर.एन. रवि |
| नए मंत्री | 35 |
| कुल मंत्री | 41 |
| कैबिनेट मंत्री | 13 |
| राज्य मंत्री | 19 |
| स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री | 3 |

# जेईई एडवांस्ड 2026 में शुभम कुमार बने टॉपर

**नई दिल्ली, 01 जून. संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2026 का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया, जिसमें कुल 56,880 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की. इस वर्ष आईआईटी दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया कॉमन रैंक लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया।**

दूसरे स्थान पर कबीर छिल्लर (329 अंक) और तीसरे स्थान पर जतिन चाहर (319 अंक) रहे। लड़कियों में पुणे की आरोही देशपांडे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीआरएल-77 हासिल की और महिला वर्ग में टॉपर बनीं. उन्होंने 360 में से 280 अंक प्राप्त किए। परीक्षा परिणाम जारी होने के साथ ही आईआईटी और अन्य प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी (छ्रश्वस्न) ने काउंसलिंग कार्यक्रम जारी कर दिया है, जिसके तहत 2 जून से रजिस्ट्रेशन और चॉइस फिलिंग शुरू होगी. सफल अभ्यर्थी 11 जून तक अपनी पसंद के संस्थान और शाखाओं का चयन कर सकेंगे. इस वर्ष बड़ी संख्या में छात्रों के सफल होने से देश के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए प्रतिस्पर्धा और अधिक रोचक होने की उम्मीद है.



| बिंदु | विवरण |
|---|---|
| परीक्षा | जेईई एडवांस्ड 2026 |
| परिणाम घोषित | 01 जून 2026 |
| कुल क्वालिफाई अभ्यर्थी | 56,880 |
| महिला अभ्यर्थी | 10,107 |
| ऑल इंडिया टॉपर | शुभम कुमार |
| आईआईटी जोन | आईआईटी दिल्ली |
| प्राप्त अंक | 330/360 |
| दूसरी रैंक | कबीर छिल्लर (329 अंक) |
| तीसरी रैंक | जतिन चाहर (319 अंक) |
| महिला टॉपर | आरोही देशपांडे |
| महिला टॉपर रैंक | सीआरएल -77 |
| महिला टॉपर अंक | 280/360 |

## भविष्यवाणी

### किसके लिए लेकर आएंगे सौभाग्य, भारत और दुनिया पर क्या होगा असर

# 12 साल बाद कर्क राशि में आएंगे देवगुरु बृहस्पति



**डॉ. आशुतोष उपाध्याय**

**आज 2 जून देवगुरु बृहस्पति मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे. वैदिक ज्योतिष में कर्क गुरु की उच्च राशि मानी जाती है, इसलिए यह गोचर विशेष रूप से शुभ और प्रभावशाली माना जा रहा है.**

गुरु ज्ञान, धर्म, भाग्य, विवाह, संतान, शिक्षा और समृद्धि के कारक हैं, जबकि कर्क राशि परिवार, मातृत्व, भावनाओं और सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करती है. ऐसे में यह गोचर व्यक्तिगत जीवन से लेकर राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर तक महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है.

**सभी 12 राशियों पर गुरु गोचर का प्रभाव**

**मेष** - घर, वाहन और संपत्ति से जुड़े मामलों में लाभ होगा. पारिवारिक सुख बढ़ेगा और करियर में स्थिरता आएगी.

**वृषभ** -आत्मविश्वास बढ़ेगा. संचार, मीडिया, लेखन और मार्केटिंग से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है.

**मिथुन** - धन संचय के अवसर बढ़ेंगे. परिवार में खुशहाली और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी.

**कर्क** - यह गोचर सबसे अधिक लाभकारी साबित हो सकता है. व्यक्तित्व में निखार, भाग्योदय, विवाह और करियर में उन्नति के योग बनेंगे.

**सिंह** - विदेश यात्रा, आध्यात्मिक गतिविधियों और धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है. खर्चों पर नियंत्रण रखें.

**कन्या**-आय में वृद्धि होगी. रुके हुए काम पूरे होंगे और मनोकामनाएं पूरी होने के संकेत हैं.

**तुला** - करियर में पदोन्नति, प्रतिष्ठा और व्यवसाय में विस्तार के अवसर मिल सकते हैं.

(शेष पेज 12 पर)

### भारत पर गुरु गोचर का प्रभाव

- कृषि और खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि.
- शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी क्षेत्र में प्रगति.
- इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को मजबूती.
- धार्मिक पर्यटन और सांस्कृतिक गतिविधियों में वृद्धि.
- महिलाओं, किसानों और गरीब वर्गों के लिए नई कल्याणकारी योजनाएं.
- बैंकिंग, कृषि और निर्माण क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां बढ़ सकती हैं.

### दुनिया पर गुरु गोचर का प्रभाव

- वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाने के प्रयास तेज हो सकते हैं.
- खाद्य और जल सुरक्षा प्रमुख मुद्दा बन सकते हैं.
- देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों में सुधार की संभावना.
- स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण पर अधिक निवेश.
- योग, ध्यान और आध्यात्मिकता की ओर लोगों का रुझान बढ़ सकता है.
- कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा, बाढ़ और जलवायु संबंधी चुनौतियां चर्चा का विषय बन सकती हैं.